**शिक्षा निदेशालय, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र**

**मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र**

**(सत्र-2026-27)**

**कक्षा: 5** **विषय: पर्यावरण अध्ययन**

**अवधि: 2 घंटे** **अधिकतम अंक: 50**

---

**सामान्य निर्देश:**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**2. इसमें पाँच खंड हैं, खंड-अ, खंड-ब, खंड-स, खंड-द और खंड-इ।**

**3. प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दर्शाए गए हैं।**

---

**खंड-अ**

**1. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर निशान लगाएँ- (2×5=10)**

मैं कौन हूँ? हाँ, मैं एक नदी हूँ। मैं गोदावरी नदी हूँ। महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर में ऊंचाई पर स्थित पश्चिमी घाटों से मेरी यात्रा आरंभ होती है। यद्पि मैं एक धारा के रूप में आरंभ करती हूँ किंतु जब मैं भूमि पर आगे बढ़ती जाती हूँ तो वर्षा जल और अन्य धाराएँ मुझसे जुड़ती चली जाती हैं, जो मुझे अधिक विशाल और बलवती बनाती हैं । मुझसे जुड़ने वाली छोटी धाराएँ मेरी उपनदियाँ हैं। बंगाल की खाड़ी में मिलने से पहले मैं 1456 किलोमीटर की यात्रा करती हूँ। गंगा नदी के बाद मैं भारत की दूसरी सबसे लम्बी नदी हूँ।

**i. इस अनुच्छेद में कौन बोल रहा है?**

क. नदी ख. तालाब

ग. झील घ. कुआं

**ii. गोदावरी नदी अपनी यात्रा कहाँ से शुरू करती है?**

क. हिमालय ख. त्र्यंबकेश्वर

ग. बंगाल की खाड़ी घ. दिल्ली

**iii. बंगाल की खड़ी में मिलने से पहले गोदावरी _________ किलोमीटर की यात्रा तय करती है।**

क. 1456 ख. 1546

ग. 1465 घ. 1645

**iv. कौन नदी में मिलकर उसे अधिक विशाल और बलवती बनाती हैं?**

क. सड़कें और पुल ख. बारिश का पानी और अन्य धाराएँ

ग. पहाड़ और जंगल घ. रेत और चट्टानें

**v. भारत में गोदावरी से लंबी नदी कौन सी है?**

क. यमुना ख. नर्मदा

ग. गंगा घ. कावेरी

**खंड- ब**

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में दीजिए- (5×1=5)**

i. भारत के किस राज्य में सबसे पहले सूर्योदय होता है?

_______________________________________________

ii. लूनी नदी कहाँ जाकर समाप्त होती है?

_______________________________________________

iii. एशिया के सबसे स्वच्छ गांव के रूप में जाने जाने वाले गांव का नाम लिखिए।

_______________________________________________

iv. सूखे कचरे के लिए किस रंग का कूड़ेदान इस्तेमाल किया जाता है?

_______________________________________________

v. उस ऐप का नाम बताइए जो दृष्टिबाधित लोगों को विभिन्न प्रकार के नोटों की पहचान करने में मदद करता है।

_______________________________________________

## खंड- स

**3. रिक्त स्थान भरें- (कोई पाँच)** **(5×1=5)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **मीठा पानी,** | **तीन,** | **15 अगस्त,** | **हरित,** | **स्वच्छ और सुरक्षित,** | **समुद्र** |

i. ग्लोब का नीला भाग ______________को दर्शाता है।

ii. पीने योग्य पानी को __________ कहा जाता है।

iii. प्रत्येक बच्चे को _____________ वातावरण में अध्ययन करने का अधिकार है।

iv. एक ________________ विद्यालय वह विद्यालय होता है जो अपशिष्ट प्रबंधन करता है और संसाधनों की बचत करता है।

v. भारत के राष्ट्रीय ध्वज में ___________ रंग हैं।

vi भारत ___________ 1947 को स्वतंत्र हुआ।

**4. बताइये कि ये कथन सत्य/असत्य हैं।** **(5×1=5)**

i. भारत में छह ऋतुएँ देखी जाती हैं। _______________

ii. सफेद सतह ऊष्मा को अवशोषित करती है। _______________

iii. जब जरूरत न हो तो हमें लाइट बंद कर देनी चाहिए। _______________

iv. भारत विश्व का सबसे छोटा लोकतांत्रिक देश है। _______________

v. विश्व का सबसे बड़ा डाक तंत्र भारत का है। _______________

**5. निम्नलिखित का मिलान करें** **(5×1=5)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| i. | मानसून | a. | पानी की बर्बादी को रोकते हैं |
| ii. | जल-प्रहरी | b. | मीठा पानी |
| iii. | बारिश का पानी | c. | बरसात का मौसम |
| iv. | भाप | d. | पत्तियों को जलरोधी बनाता है |
| v. | पत्तियों पर मोम जैसी परत | e. | पानी का वाष्प रूप |

## खंड- द

6. i. कई गांवों में लोग फर्श को गोबर और मिट्टी से क्यों साफ करते हैं? (4)

ii. आप अपने स्कूल को साफ रखने में कैसे मदद कर सकते हैं? कोई दो तरीके लिखिए।

7. संविधान क्यों महत्वपूर्ण है? भारत ने किस तिथि से अपने संविधान का पालन करने का निर्णय लिया? (4)

**या**

भारत के समाज में एकजुटता की भावना किस प्रकार प्रकट होती है? कोई चार बिंदु लिखिए।

**खंड- इ**

**8. i. ग्लोब क्या है और इसका आकार कैसा होता है? (6)**

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**ii. पृथ्वी पर दिन और रात कैसे होते हैं, समझाइए।**

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

**या**

**i. हर मौसम एक विशेष त्योहार लेकर आता है। नीचे दिए गए संकेतों में से सही मौसम चुनकर तालिका को पूरा करें।**

- वसंत - हर जगह फूल खिलते हैं
- शरद ऋतु - फसलें कट चुकी हैं
- नए साल और फसलों का त्योहार
- शीत ऋतु

| क्रमांक | त्योहार | मौसम |
|---|---|---|
| 1 | पोंगल, मकर संक्रांति | |
| 2 | होली | |
| 3 | दिवाली | |
| 4 | बैसाखी, गुड़ी पड़वा, विशु, रोंगाली बिहू | |

ii. ऋतुओं में त्योहारों का महत्व क्यों है?

9. i. आपके विचार से पृथ्वी पर पाया जाने वाला अधिकांश जल पीने हेतु अथवा कृषि हेतु उपयोग में क्यों नहीं लाया जा सकता है? (6)

ii. यदि आपके क्षेत्र में दो वर्ष तक वर्षा नहीं हो तो क्या होगा?

iii. ऐसा क्यों है कि जलीय निकायो के आस-पास बड़ी संख्या में सजीव प्रजातियाँ निवास करती हैं ? (कोई दो कारण लिखिए)

या

**नीचे दिए गए स्थान में जल चक्र का एक साफ-सुथरा चित्र बनाइए और निम्नलिखित प्रक्रियाओं को अंकित करें:**

| |
|---|
| **वाष्पीकरण, संघनन, वर्षा, संग्रहणन** |